PRESS RELEASE

हापुड़ पुलिस

दिनांकःनवम्बर 11, 2020

थाना बाबूगढ़ पुलिस ने चेकिंग के दौरान 03 शातिर चोरों को गिरफ्तार कर थाना बाबूगढ़ क्षेत्र में 02 दिन पूर्व हुई चोरी की घटना का किया खुलासा। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी किया हुआ शत–प्रतिशत माल (दूध का कैटर,458 कैट दूध) अवैध चाकू बरामद।

संक्षिप्त विवरणः–

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय हापुड के आदेशनुसार चारों के विरूद्ध चलाए गये अभियान के दौरान श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय व क्षेत्राधिकारी हापुड नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना बाबूगढ पुलिस द्वारा दिनॉक 09.11.2020 को ग्राम उदयपुर नहर पुल के जंगल में से प्रातः समय करीब 05:30 बजे अभियुक्त गण1–अभिषेक उर्फ अनमोल पुत्र आदेश कुमार निवासी कुचेसर चौपला शाहपुर जटट थाना बाबूगढ जनपद हापुड(पूर्व चालक)2–प्रदीप कुमार उर्फ छोटू पुत्र जगमाल(पूर्व हेल्पर)3–अंकुर पुत्र सतीश निवासी गण मुबारिकपुर थाना बाबूगढ जनपद हापुड को मय चोरी गये दूध का कैंटर टाटा नं0 यूपी017 टी 9918 को मय माल के मय तीन चाकू नाजायज के साथ गिरफ्तार किया गया। दिनॉक 07.11.2020 को वादी श्री रमेश पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी 4153/108 सन्तनगर बुराडी–84 उत्तरी दिल्ली द्वारा थाना हाजा पर सूचना दी कि उनकी दूध की गाडी कैंटर टाटा नं0 यूपी017 टी 9918 जिसमें दूध भरा है को अज्ञात वाहन चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है।वादी की तहरीर पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 405/20 धारा 379 भादवि पंजीकृत किया गया। उक्त घटना को थाना बाबूगढ पुलिस द्वारा चुनौती के रूप में लिया गया तथा 48 घण्टे के अन्दर चोरी की गाडी को मय चोरी गये माल दूध सहित बरामद किया गया।

❖ **गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पताः–**

1– अभिषेक उर्फ अनमोल पुत्र आदेश कुमार निवासी कुचेसर चौपला शाहपुर जटट थाना बाबूगढ जनपद हापुड।

2– प्रदीप कुमार उर्फ छोटू पुत्र जगमाल निवासी मुबारिकपुर थाना बाबूगढ जनपद हापुड।

3– अंकुर पुत्र सतीश निवासी मुबारिकपुर थाना बाबूगढ जनपद हापुड।

❖ **बरामदगी का विवरणः–**

1– दूध का कैंटर टाटा नं0 यूपी0 17 टी 9918 एवं 458 कैट दूध सम्बन्धित मु0अ0सं0 405/20 धारा 379,411 भादवि थाना बाबूगढ जनपद हापुड।

2– तीन अदद चाकू नाजायज।

❖ **गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरणः–**

1– प्रभारी निरीक्षक सोमवीर सिंह थाना बाबूगढ जनपद हापुड।

2– उ0नि0 राकेश कुमार थाना बाबूगढ जनपद हापुड।

3– मुख्य आरक्षी हरेन्द्र सिंह थाना बाबूगढ जनपद हापुड।

4– मुख्य आरक्षी कर्णवीर सिंह थाना बाबूगढ जनपद हापुड।

5– आरक्षी प्रवीण कुमार थाना बाबूगढ जनपद हापुड।

6– आरक्षी सतीश कुमार थाना बाबूगढ जनपद हापुड।